राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय शिविर रिपोर्ट
शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा

शहीद दलबीर सिंह महाविद्यालय पीपली खरखोदा में एन.एस.एस.सात दिवसीय शिविर 03/02/2022 से 09/02/2022 तक लगाया गया ।प्राचार्य श्रीमती किरण सरोहा ने शिविर का उद्घाटन किया तथा हरी झंडी दिखाकर कैंप की शुरआत की। कैंप का संचालन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ संगीता मान तथा योगेंद्र रांगी ने किया ।शिविर का शुभारभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने एनएसएस यूनिट के स्वेमसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस एक समाज कल्याण कि योजना है जिसमे कार्य करने से छात्रों में आत्मविश्वास तथा समाज के प्रति त्याग की भावना बढ़ती है। एनएसएस अधिकारी डॉ संगीता मान ने सभी स्वेमसेवकों को एनएसएस के उद्देश्य तथा आगामी दिनों की कार्यवाही के बारे में बताया तथा एनएसएस के कार्य के बारे में भी जागरूक किया।

कैंप की शुरुआत में सभी विद्यार्थियों का कोरोना टेस्ट कराया गया तथा जिन विद्यार्थियों को कोरोना का टीका नहीं लगा था उन् सभी विद्यार्थियों का भी टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, कोरोना के नियमानुसार दूरी बनाए रखने, माक्स लगाने और राष्ट्र की सेवा में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।
सभी स्वेमसेवकों ने गांव पीपली में घर घर जाकर लोगो को जागरूक किया तथा रैली निकाल कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्लास्टिक मुक्त गांव, स्वच्छता के बारे में लोगो को नारे लगाकर अपना संदेश पहुंचाया।
कैंप के दूसरे, तीसरे दिन की शुरुआत,सुबह योगासन , व प्राणायाम के साथ किया गया इसके पश्चात स्वेमसेको ने महाविद्यालय के प्रांगण में साफ सफाई व खेलकूद मैदान की सफाई में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा इसके पश्चात सभी विद्यार्थी जलपान व दोपहर के भोजन ग्रहण के लिए एकत्रित हुए। शाम के समय एनएसएस अधिकारी द्वारा एनएसएस के विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत करवाया और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक समाज से जुड़ने तथा लोगो की भलाई करने के लिए प्रतीत किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का आज चौथा दिन था । आज के प्रातः कालीन सत्र में मुख्य वक्ता श्री जसमेर सिंह हुड्डा एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर जाट कॉलेज, रोहतक और सायं कालीन सत्र में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ उषा दहिया सीआरए कॉलेज सोनीपत से रही। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए श्री जसमेर हुड्डा ने जल सरंक्षण तथा अंधविश्वास पर अपना व्याख्यान दिया ,उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार अंधविश्वास के कारण नहरों को प्रदूषित किया जा रहा है ।, सुनो नहरों की पुकार, नामक अभियान के बारे में बताया कि किस प्रकार हम समाज में सभी लोगों को नहरों के पानी की साफ सफाई के प्रति जागरूक कर रहे हैं ।
सायंकालीन सत्र में डॉक्टर उषा दहिया ने सवेमसेवको को महात्मा गांधी के विचारो की प्रासंगिकता को वर्तमान संदर्भ में बताया ।इसके साथ ही गांधी जी के विचारो को वर्तमान में अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी,तथा स्वयं सेवकों का उत्साह बढ़ाया।

शिविर के पांचवे दिन सभी स्वेमसेवको को फर्स्ट एड तथा पर्सनल हाइजीन के बारे में सिविल हॉस्पिटल से आई हुए टीम ने बहुत ही साधारण तरीके से समझाया । सायंकालीन सत्र में Road safety and trafic Rules विषय पर इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने विस्तार से सभी नियमों के बारे में अवगत करवाया तथा छात्रों को सड़क पर किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु जागरूक किया।

एनएसएस ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर श्री सत्यवीर मलिक जी का आज के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वागत किया I श्री सत्यवीर मलिक जी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस कार्यक्रम की स्थापना , कार्यप्रणाली, रूपरेखा और समस्त योजनाओं से अवगत कराया I उन्होंने स्वयंसेवकों को गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया I इस

दौरान उन्होंने सभी स्वयं सेवकों के साथ परस्पर वार्ता करते हुए उन्हें वर्तमान और भविष्य में एनएसएस से जुड़े रहने तथा हृदय की गहराई से इस योजना में क्रियाशील रहने को कहा l

महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती किरण सरोहा जी ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भविष्य में इस तरह की योजनाओं से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया l इस अवसर पर श्रीमती किरण चौहान , श्री दिनेश कुमार, श्री योगेंद्र रांगी, डॉo कीर्ति खत्री, श्रीमती बीना रानी तथा डॉo अनीता तथा मौजूद रहे lआज दिनांक 9 फरवरी 2022 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप का समापन हुआ l 7 दिन चले इस कैंप में अलग-अलग दिन अलग-अलग गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

इस कैंप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ रणवीर सिंह गुलिया एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक रहे l उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों को किसी भी कार्य को छोटा ने मानने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी l उन्होंने एनएसएस को भारतीय सभ्यता से जोड़ते हुए बताया कि एनएसएस का कार्य राष्ट्रीय जन जन की सेवा करना है l इस समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण सरोहा जी ने एनएसएस के स्वयंसेवकों के सेवा भाव की प्रशंसा की और सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉक्टर संगीता मान ने किया ।
सात दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता में , प्रथम स्थान वर्षा, द्वितीय स्थान प्राची, व तृतीय स्थान रीना ने प्राप्त किया। गयन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नमिता, व द्वितीय स्थान दुर्गेश ने प्राप्त किया। श्रेष्ठ कलाकार के रूप में अंग्रेज तथा प्राची को चयनित किया गया। शिविर में कविता वाचन का आयोजन किया गया जिसमें, प्रथम स्थान सविता, व द्वितीय स्थान स्वीटी ने प्राप्त किया । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंजीत, व द्वितीय स्थान अंजली ने प्राप्त किया। श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में रंजीत व नमिता का चुनाव किया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में श्रीमती किरण चौहान ,श्री दिनेश कुमार, श्रीमती गीता शर्मा, डॉ योगेश, श्री योगेंद्र ,डॉ रजनीश ,डॉ मनदीप, डॉ कीर्ति खत्री, श्रीमती बीना रानी, श्रीमती अनीता ,श्रीमती नीरा , श्री बलराम ,श्री संदीप ,श्री रवि, श्री सुधीर आदि मौजूद रहे।


S.D.S. GOVT. COLLEGE
KHARKHODA
NATIONAL SERVICE SCHEME (UNIT-I)
SEVEN DAYS CAMP
03/02/2022 to


S.D.S. GOVT. COLLEGE
Pipli, Haryana, India
VW5Q+9CR, Pipli, Haryana 13140
Lat 28.858145°
Long 76.938908°
04/02/22 03:14 PM
Shiv Mandir
Google








SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA








S.D.S. GOVT. COLLEGE
NATIONAL SERVICE SCHEME (UNIT-1)
SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA








